प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2026
# इन्टरमीडिएट परीक्षा – 2026

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION PAPER

HISTORY (Elective)

इतिहास (ऐच्छिक)

I.A. आई०ए०

विषय कोड
Subject Code: **321**

| **प्रश्न पुस्तिका सेट कोड** **Question Booklet Set Code** |
|---|
| |

कुल प्रश्न : 100 + 30 + 8 = 138 | कुल मुद्रित पृष्ठ : 36

Total Questions: 100 + 30 + 8 = 138 | Total Printed Pages : 36

(समय : 3 घंटे 15 मिनट) | (पूर्णांक : 100)

[Time : 3 Hours 15 Minutes] | [Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश / Instructions for the candidates :**

1- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
The candidate must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

3- दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
Figures in the right hand margin indicate full marks.

4- प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
15 minutes extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.

5- यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
This question booklet is divided into two sections – Section-A and Section-B.

6- खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने लिए उपलब्ध कराए गए OMR उत्तर–पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले/काले बॉल

पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

In Section – A, there are 100 objective type questions, out of which any 50 questions are to be answered. If more than 50 questions are answered, then only first 50 will be evaluated. Each question carries 1 mark. For answering these darken the circle with blue/black ball pen against the correct option on OMR Answer Sheet provided to you. Do not use whitener/liquid/ blade/ nail etc. on OMR Answer Sheet, otherwise the result will be treated invalid.

7- खण्ड–ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

In Section-B there are 30 short answer type questions, each carrying 2 marks, out of which any 15 questions are to be answered. Apart from these, there are 8 long answer type questions, each carrying 5 marks, out of which any 4 questions are to be answered.

8- किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड – अ / SECTION-A

वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। आपको 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

Question Nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. Out of 100 questions any 50 questions are to be answered. You have to mark, your selected option, on the OMR sheet.

50 x 1 = 50

1- मोहनजोदड़ो का उत्खनन किसने किया था ?

(A) एस0 एन0 रॉय (B) दया राम साहनी

(C) बी0 के0 थापर (D) राखाल दास बनर्जी

Who excavated Mohenjodaro?

(A) S. N. Roy (B) Daya Ram Sahni

(C) B.K. Thapar (D) Rakhal Das Banerji

2- हल से जुते खेत के साक्ष्य किस हड़प्पा स्थल से मिले हैं ?

(A) मोहनजोदड़ो (B) लोथल

(C) कालीबंगन (D) इनमें से कोई नहीं

From which Harappan site has evidence of ploughed fields been found?

(A) Mohenjodaro (B) Lothal

(C) Kalibangan (D) None of these

3- हड़पपाई मुहर मुख्यतः किससे बनी थी ?

(A) बलुआ पत्थर (B) सेलखड़ी पत्थर

(C) संगमरमर (D) सोना

Harappan seals were mainly made of what ?

(A) Sand stone (B) Steatite stone

(C) Marble (D) Gold

4- हड़प्पा स्थलों से किन जंगली जानवरों की हड्डियाँ मिली हैं ?

(A) वराह (सूअर) (B) हिरन

(C) घड़ियाल (D) इनमें से सभी

Bones of which wild animals have been found from Harappan sites ?

(A) Boar (B) Deer

(C) Gharial (D) All of these

5- मनकों में छेद करने के विशेष उपकरण किस स्थल पर मिले हैं ?

(A) धौलावीरा (B) लोथल

(C) चन्हुदड़ों (D) इनमें से सभी

At which site have special tools for making holes in beads been found ?

(A) Dholavira (B) Lothal

(C) Chanhudaro (D) All of these

6- मेसोपोटामिया के लेख में वर्णित हाजा पक्षी का संबंध किस स्थान से है ?

(A) दिलमुन (B) मेलुहा

(C) मगान (D) इनमें से कोई नहीं

The Haja bird described in Mesopotamian texts is related to which place ?

(A) Dilmun (B) Meluhha

(C) Magan (D) None of these

7- हड़प्पा किस नदी के किनारे स्थित हैं ?

(A) सतलुज (B) सिन्धु

(C) व्यास (D) रावी

Harappa is situated on the bank of which river ?

(A) Sutlej (B) Indus

(C) Beas (D) Ravi

8- भारतीय पुरातत्व का पिता किसे कहा जाता है ?

(A) कनिंघम (B) मार्शल

(C) कर्जन (D) विलियम जोन्स

Who is called the father of Indian archaeology ?

(A) Cunningham (B) Marshall

(C) Curzon (D) William Jones

9- 1830 के दशक में ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपि का अर्थ किसने निकाला ?

(A) जेम्स प्रिंसेप (B) व्हीलर

(C) मार्शल (D) कनिंधम

Who deciphered the Brahmi and Kharosthi scripts in the 1830s ?

(A) James Prinsep (B) Wheeler

(C) Marshall (D) Cunningham

10- प्रयाग प्रशास्ति में समुद्रगुप्त की तुलना किस देवता से की गई है ?

(A) कुबेर (B) वरूण

(C) इंद्र (D) इनमें से सभी

With which god has Samudragupta been compared in the Prayaga Prashasti ?

(A) Kubera (B) Varuna

(C) Indra (D) All of these

11- सुदर्शन झील का निर्माण किस काल में हुआ था ?

(A) मौर्य काल (B) कुषाण काल

(C) गुप्त काल (D) इनमें से कोई नहीं

In which period was Sudarshana lake constructed ?

(A) Mauryan Period (B) Kushana Period

(C) Gupta Period (D) None of these

12- तमिल संगम साहित्य में उल्वर किसे कहा जाता था ?

(A) दास (B) हलवाहा

(C) जमींदार (D) व्यापारी

Who was called Uzhavar in Tamil Sangam Literature ?

(A) Slaves (B) Ploughman

(C) Landlord (D) Businessman

13- अर्थशास्त्र के लेखक कौन थे ?

(A) बाणभट्ट (B) कालिदास

(C) कौटिल्य (D) मेगास्थनीज

Who was the author of Arthashastra ?

(A) Banabhatta (B) Kalidasa

(C) Kautilya (D) Megasthenes

14- धम्म के प्रचार के लिए धम्म महामात्त की नियुक्ति किसने की थी ?

(A) चाणक्य (B) कनिष्क

(C) अशोक (D) समुद्रगुप्त

Who appointed Dhamma Mahamatta for the propagation of Dhamma ?

(A) Chanakya (B) Kanishka

(C) Ashoka (D) Samudragupta

15- श्रावस्ती किस महाजनपद की राजधानी थी ?

(A) पांचाल (B) कोशल

(C) काशी (D) अंग

Shravasti was the capital of which Mahajanapada ?

(A) Panchala (B) Koshala

(C) Kashi (D) Anga

16- कनिष्क का राज्यारोहण कब हुआ ?

(A) 78 ई0 (B) 57 ई0 पू0

(C) 321 ई0 पू0 (D) 320 ई0

When did Kanishka ascend the throne?

(A) 78 A.D. (B) 57 B.C.

(C) 321 B.C. (D) 320 A.D.

17- पाणिनि ने किस व्याकरण ग्रंथ की रचना की ?

(A) महाभाष्य (B) अष्टाध्यायी

(C) धर्मसूत्र (D) इनमें से कोई नहीं

Which grammar book was composed by Panini ?

(A) Mahabhashya (B) Ashtadhyayi

(C) Dharmasutra (D) None of these

18- 'कुंती ओ निषादी' के लेखक कौन हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) महाश्वेता देवी

(C) प्रेमचंद (D) महादेवी वर्मा

Who is the author of 'Kunti O Nishadi' ?

(A) Jaishankar Prasad (B) Mahashweta Devi

(C) Premchand (D) Mahadevi Verma

19- हिडिम्बा किसकी पत्नी थी ?

(A) अर्जुन (B) भीम

(C) घटोत्कच (D) कर्ण

Whose wife was Hidimba ?

(A) Arjuna (B) Bhima

(C) Ghatotkacha (D) Karna

20- पुरूषसूक्त किस वेद का हिस्सा है ?

(A) ऋगवेद (B) सामवेद

(C) यजुर्वेद (D) अथर्ववेद

Purusha Sukta is a part of which Veda ?

(A) Rigveda (B) Samveda

(C) Yajurveda (D) Atharvaveda

21- जरथुस्त्र कहाँ के चिंतक थे ?

(A) ईरान

(B) रोम

(C) यूनान

(D) चीन

Where was Zarathustra a thinker from ?

(A) Iran

(B) Rome

(C) Greece

(n) China

22- बौद्ध ग्रंथो में हमें कितने संप्रदायों या चिंतन परंपराओं का उल्लेख मिलता हैं ?

(A) 12

(B) 24

(C) 32

(D) 64

How many sects or schools of thought do we find mentioned in Buddhist texts ?

(A) 12

(B) 24

(C) 32

(D) 64

23- बुद्ध की शिक्षाएँ किस पिटक में रखी गई थी ?

(A) विनय पिटक

(B) अभिघम्म पिटक

(C) सुत्त पिटक

(D) इनमें से सभी

In which Pitaka were the teachings of Buddha kept ?

(A) Vinaya Pitaka

(B) Abhidhamma Pitaka

(C) Sutta Pitaka

(D) All of these

24- अजीत केसकंबलिन किस धर्म या संप्रदाय से संबंधित थे ?

(A) आजीवक

(B) लोकायत

(C) जैन

(D) बौद्ध

Ajita Kesakambalin belong to which religion or sect ?

(A) Ajivika (B) Lokayata

(C) Jain (D) Buddhist

25- बुद्ध की मृत्यु कहाँ हुई ?

(A) लुम्बिनी (B) सारनाथ

(C) बोधगया (D) कुशीनगर

Where did Buddha die ?

(A) Lumbini (B) Sarnath

(C) Bodh Gaya (D) Kushinagar

26- बुद्ध के बचपन का नाम क्या था ?

(A) सिद्धार्थ (B) राहुल

(C) वर्धमान (D) जमाली

What was Buddha’s Childhood name ?

(A) Siddhartha (B) Rahul

(C) Vardhamana (D) Jamali

27- किसके कहने पर बुद्ध ने संध में महिलाओं को प्रवेश करने की अनुमति दी ?

(A) आनन्द (B) उपालि

(C) देवव्रत (D) राहुल

On Whose advice did Buddha allow women to enter the Sangha ?

(A) Ananda (B) Upali

(C) Devavrata (D) Rahul

28- कलकत्ता में 'इंडियन म्यूजियम' की स्थापना कब हुई ?

(A) 1814 (B) 1834

(C) 1851 (D) 1854

When was the 'Indian Museum' established in Calcutta ?

(A) 1814 (B) 1834

(C) 1851 (D) 1854

29- अशोक के आदेश से किस संप्रदाय के संतो के लिए बराबर की गुफाएँ बनाई गई थीं ?

(A) लोकायत (B) आजीवक

(C) बौद्ध (D) इनमें से कोई नहीं

Barabar Caves were built by the order of Ashoka for the saints of which sect ?

(A) Lokayata (B) Ajivika

(C) Buddhist (D) None of these

30- किताब–उल–हिन्द में कितने अध्याय हैं ?

(A) 12 (B) 24

(C) 64 (D) 80

How many chapters are there in Kitab-ul-Hind ?

(A) 12 (B) 24

(C) 64 (D) 80

31- फारसी और अरबी भाषा के अलावा अल–बिरूनी को किस भाषा का ज्ञान था ?

(A) सीरियाई (B) हिब्रू

(C) संस्कृत (D) इनमें से सभी

Apart from Persian and Arabic, which language did Al-Biruni Know ?

(A) Syriac (B) Hebrew

(C) Sanskrit (D) All of these

32- इबल बतूता किसके शासन काल में भारत आया?

(A) अलाउद्दीन ख़ल्जी (B) मुहम्मद बिन तुग़लक

(C) इल्तुतमिश (D) बलबन

During whose reign did Ibn Battuta come to India?

(A) Alauddin Khalji (B) Mohammad bin Tughlaq

(C) Iltutmish (D) Balban

33- फ्रांसीसी जौहरी ज्यौं–बैप्टिस्ट तैवर्नियर ने कितनी बार भारत की यात्रा की?

(A) 2 (B) 4

(C) 6 (D) 10

How Many times did the French jeweller Jean-Baptiste Tavernier travel India?

(A) 2 (B) 4

(C) 6 (D) 10

34- फ्रांस्वा बर्नियर कितने वर्षों तक भारत में रहा?

(A) 3 (B) 6

(C) 9 (D) 12

For how many years did Francois Bernier stay in India?

(A) 3 (B) 6

(C) 9 (D) 12

35- जगन्नाथ मंदिर कहाँ स्थित है?

(A) पुरी | (B) कटक

(C) भुवनेश्वर | (D) मथुरा

Where is the Jagannath temple located?

(A) Puri | (B) Cuttack

(C) Bhubaneshwar | (D) Mathura

36- अलवार किस देवता की उपासना करते थे?

(A) ब्रह्मा | (B) शिव

(C) अग्नि | (D) विष्णु

Which god was worshiped by the Alvars?

(A) Brahma | (B) Shiva

(C) Agni | (D) Vishnu

37- निम्नलिखित में से कौन नयनार संत नहीं है?

(A) करइक्कल अम्मइयार | (B) सुंदरार

(C) अप्पार | (D) अंडाल

Who among the following is not a Nayanar Saint?

(A) Karaikkal Ammaiyar | (B) Sundarar

(C) Appar | (D) Andal

38- ख़्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती का दरगाह कहाँ है?

(A) दिल्ली | (B) अजमेर

(C) पटना | (D) बिहार शरीफ

Where is the Dargah of Khwaja Muinuddin Chishti?

(A) Delhi (B) Ajmer

(C) Patna (D) Bihar Sharif

39- अमीर खुसरो किसके अनुयायी थे?

(A) निज़ामुद्दीन औलिया (B) मुइनुद्दीन चिश्ती

(C) नसीरूद्दीन चिराग–ऐ– देहली (D) कुतुबुद्दीन बख़्तियार काकी

Whose Follower was Amir Khusrau?

(A) Nizamuddin Auliya (B) Muinuddin Chishti

(C) Nasriuddin Chiragh i Dehli (D) Qutbuddin Bakhtiyar Kaki

40- 1469 में पंजाब के ननकाना गाँव में किसका जन्म हुआ था?

(A) गुरू नानक (B) कबीर

(C) अंगद (D) अर्जन देव

Who was born in Nankana village of Punjab in 1469?

(A) Guru Nanak (B) Kabir

(C) Angad (D) Arjan Dev

41- खालसा पंथ की स्थापना किसने की?

(A) गुरू गोबिंद सिंह (B) गुरू तेग़ बहादुर

(C) गुरू अर्जन देव (D) गुरू अंगद

Who founded the Khalsa Panth?

(A) Guru Gobind Singh (B) Guru Tegh Bahadur

(C) Guru Arjan Dev (D) Guru Angad

42- सूफी संतो के लिखे हुए पत्रों का संकलन क्या कहलाता है?

(A) तज़किरा (B) मलफुज़ात

(C) मक्तुबात (D) कश्फ–उल–महजुब

What is the collection of letters written by Sufi saints called?

(A) Tazkira (B) Malfuzat

(C) Maktubat (D) Kashf-ul-Mahjub

43- 1800 ई0 में हम्पी के भग्नावशेष की खोज किसने की?

(A) कर्नल कॉलिन मैकेन्जी (B) कनिंधम

(C) मार्शल (D) डोमिंगो पेस

Who discovered the ruins of Hampi in 1800 A.D.?

(A) Colonel Colin Mackenzie (B) Cunningham

(C) Marshall (D) Domingo Paes

44- दक्षिण भारतीय मंदिरों में भव्य गोपुरमों को जोड़ने का श्रेय किसे जाता है?

(A) राम राय (B) देवराय ।

(C) देवराय ।। (D) कृष्णदेव राय

Who is credited with adding impressive Gopourams to South Indian temples?

(A) Ram Raya (B) Deva Raya I

(C) Deva Raya II (D) Krishnadeva Raya

45- निकोलो दे कॉन्ती किस देश का व्यापारी था?

(A) रूस (B) स्पेन

(C) इटली (D) पुर्तगाल

Nicolo de Conti was a trader from which country?

(A) Russia (B) Spain

(C) Italy (D) Portugal

46- बहमनी राज्य की स्थापना कब हुई?

(A) 1333 (B) 1336

(C) 1347 (D) 1351

When was the Bahmani kingdom established?

(A) 1333 (B) 1336

(C) 1347 (D) 1351

47- विजयनगर के संरक्षक देवता विरूपाक्ष किस देवता के एक रूप माने जाते हैं ?

(A) विष्णु (B) शिव

(C) कार्तिकेय (D) गणेश

Virupaksha, the patron deity of Vijayanagara, is considered a form of which God?

(A) Vishnu (B) Shiva

(C) Kartikeya (D) Ganesha

48- विजयनगर के मंदिरों की क्या विशेषता है?

(A) ऊँचे गोपुरम (B) रथ गलियाँ

(C) कल्याण मंडप (D) इनमें से सभी

What is the speciality of Vijayanagara temples?

(A) Tall Gopurams (B) Chariot Streets

(C) Kalyan Mandap (D) All of these

49- कृष्णदेव राय के कद काठी का वर्णन किस विदेशी यात्री ने किया है?

(A) बरबोसा (B) डोमिंगो पेस

(C) फर्नाओ नूनिज (D) निकोलो दे कॉन्ती

Which foreign traveler has described the physique of Krishnadeva Raya?

(A) Barbosa (B) Domingo Paes

(C) Fernao Nuniz (D) Nicolo de Conti

50- हम्पी को यूनेस्को द्वारा विश्व पुरातत्व स्थल कब घोषित किया गया?

(A) 1976 (B) 1981

(C) 1986 (D) 1991

When Was Hampi declared a World Heritage Site by UNESCO?

(A) 1976 (B) 1981

(C) 1986 (D) 1991

51- दूसरे गाँव में ठेके पर खेती करने वाले खेतिहर क्या कहलाते थे?

(A) खुद काश्त (B) पाहि काश्त

(C) मुजरियान (D) रैयत

What were the farmers who did contract farming in other villages called?

(A) Khud-Kashta (B) Pahi Kashta

(C) Muzarian (D) Ryot

52- आलू, टमाटर और मिर्च भारत में कब से उपजाए जाते हैं ?

(A) 6ठी सदी (B) 10वीं सदी

(C) 14वीं सदी (D) 17वीं सदी

Since when are potatoes, tomatoes and chillies grown in India?

(A) 6th Century (B) 10th Century

(C) 14th Century (D) 17th Century

53- उस भूमि को क्या कहा जाता था, जो कभी खाली नहीं छोड़ी जाती थी ?

(A) पोलज (B) परौती

(C) चचर (D) बंजर

What was that land called which was never left vacant?

(A) Polaj (B) Parauti

(C) Chachar (D) Banjar

54- जोवान्नी कारेरी किस देश का यात्री था?

(A) स्पेन (B) पुर्तगाल

(C) इटली (D) इंग्लैण्ड

Giovanni Careri was a traveler from which country?

(A) Spain (B) Portugal

(C) Italy (D) England

55- अकबरनामा का कौन सा भाग आइन–ए–अकबरी के नाम से जाना जाता है?

(A) पहला (B) दूसरा

(C) तीसरा (D) चौथा

Which part of Akbarnama is known as Ain-i- Akbari?

(A) First (B) Second

(C) Third (D) Fourth

56-अकबर का वित्तमंत्री कौन था?

(A) अबुल फज़्ल
(B) टोडरमल
(C) फैज़ी
(D) मानसिंह

Who was the finance minister of Akbar?

(A) Abul fazl
(B) Todarmal
(C) Faizi
(D) Mansingh

57-अकबर की मृत्यु कब हुई?

(A) 1575
(B) 1595
(C) 1605
(D) 1607

When did Akbar die?

(A) 1575
(B) 1595
(C) 1605
(D) 1607

58-पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठों को किसने हराया?

(A) नादिरशाह
(B) अहमद शाह अब्दाली
(C) अंग्रेज
(D) मुगल

Who defeated the Marathas in the third battle of Panipat?

(A) Nadir Shah
(B) Ahmad Shah Abdali
(C) British
(D) Mughal

59-औरंगजेब कब गद्दी पर बैठा?

(A) 1651
(B) 1655
(C) 1658
(D) 1661

When did Aurangzeb ascend the throne?

(A) 1651 (B) 1655

(C) 1658 (D) 1661

60- भारत का अंतिम मुगल बादशाह कौन था?

(A) बहादूरशाह ज़फर (B) मुहम्मद शाह

(C) औरंगजेब (D) बाबर

Who was the last Mughal emperor of India?

(A) Bahadur Shah Zafar (B) Muhammad Shah

(C) Aurangzeb (D) Babur

61- स्थायी बंदोबस्त मे भूराजस्व का संग्राहक कौन होता था?

(A) किसान (B) जमींदार

(C) साहूकार (D) इनमें से कोई नहीं

Who was the revenue collector in the Permanent Settlement?

(A) Farmer (B) Landlord

(C) Moneylender (D) None of these

62- अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सेना का कमांडर कौन था, जो बाद में बंगाल का गवर्नर जनरल बना?

(A) कार्नवालिस (B) क्लाइव

(C) वारेन हेस्टिंग्स (D) इनमें से कोई नहीं

Who was the Commander of the British forces during the American War of Independence, Who later became the Governor Genral of Bengal?

(A) Cornwallis (B) Clive

(C) Warren Hastings (D) None of these

63- बर्दमान के किस राजा ने संथाल विद्रोह और 1857 के विद्रोह के समय अंग्रेजो की मदद की?

(A) तेजचंद (B) मेहताब चंद

(C) A और B दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Which king of Burdwan helped the British during the Santhal Rebellion and the Revolt of 1857?

(A) Tejchand (B) Mehtab Chand

(C) Both A and B (D) None of these

64- संथाल किसे 'दिकू' कहते थे?

(A) जमींदार (B) साहूकार

(C) अंग्रेज (D) इनमें से कोई नहीं

Whom did the Santhal call 'Diku'?

(A) Zamindars (B) Money lenders

(C) British (D) None of these

65- 1780 के दशक में भागलपुर के किस कलेक्टर ने पहाड़िया मुखियाओं को वार्षिक भत्ता देना प्रस्तावित किया?

(A) ऑगस्टस क्लीवलैंड (B) ऑक्टेवियस टूगुड

(C) एशले ईडन (D) इनमें से कोई नहीं

Which Collector of Bhagalpur proposed to give annual allowance to Paharia chiefs in the 1780s?

(A) Augustus Cleveland (B) Octavius Toogood

(C) Ashley Eden (D) None of these

66- दक्कन दंगा आयोग की रिपोर्ट ब्रिटिश पार्लियामेंट में कब पेश की गई ?

(A) 1875 (B) 1876

(C) 1877 (D) 1878

When was the report of the Deccan Riots Commission presented in the British Parliament ?

(A) 1875 (B) 1876

(C) 1877 (D) 1878

67- इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल की दीवानी कब प्राप्त की ?

(A) 1756 (B) 1757

(C) 1764 (D) 1765

When did the English East India Company acquire the Diwani of Bengal?

(A) 1756 (B) 1757

(C) 1764 (D) 1765

68- दक्कन दंगा आयोग के अनुसार किसानों के विद्रोह का मुख्य कारण क्या था ?

(A) सरकारी राजस्व की उच्च दर (B) कपास के मूल्य का परिवर्तन

(C) साहूकारों द्वारा शोषण (D) इनमें से सभी

According to the Deccan Riots Commission what was the main cause of the peasants' revolt ?

(A) High rate of government revenue (B) Variation in the price of cotton

(C) Exploitation by moneylenders (D) All of these

69- 1857 के विद्रोह के समय गवर्नर जनरल कौन था ?

(A) डलहौजी (B) कैनिंग

(C) हार्डिंग (D) बेंटिंक

Who was the Governer General at the time of the revolt of 1857 ?

(A) Dalhousie (B) Canning

(C) Hardinge (D) Bentinck

70- डलहौजी के अवध का अधिग्रहण कब किया ?

(A) 1851 (B) 1854

(C) 1856 (D) 1857

When did Dalhousie acquire Awadh ?

(A) 1851 (B) 1854

(C) 1856 (D) 1857

71- लखनरू में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया ?

(A) बेगम हज़रत महल (B) मौलवी अहमदुल्ला

(C) शाह मल (D) नाना साहिब

Who led the revolt of 1857 in Lucknow ?

(A) Begum Hazrat Mahal (B) Maulvi Ahmadullah

(C) Shah Mal (D) Nana Sahib

72- अवध में एकमुश्त बंदोबस्त कब लगाया गया ?

(A) 1851 (B) 1854

(C) 1856 (D) 1858

When was the Summary Settlement imposed in Awadh ?

(A) 1851 (B) 1854

(C) 1856 (D) 1858

73- 25 अगस्त 1857 को आजमगढ़ उद्घोषणा किसके नाम पर जारी हुआ था ?

(A) रानी विक्टोरिया (B) बहादुर शाह ज़फर

(C) बेगम हज़रत महल (D) रानी लक्ष्मीबाई

In whose name was the Azamgarh Proclamation issued on 25 August 1857 ?

(A) Queen Victoria (B) Bahadur Shah Zafar

(C) Begum Hazrat Mahal (D) Rani Lakshmi Bai

74- दिल्ली में बहादुर शाह ज़फर को किसने गिरफतार किया ?

(A) कैप्टन हडसन (B) जनरल हयू रोज

(C) हैवलॉक (D) नील

Who arrested Bahadur Shah Zafar in Delhi ?

(A) Captain Hudson (B) General Hugh Rose

(C) Havelock (D) Neill

75- सिंहभूम के किस आदिवासी काश्तकार ने 1857 के विद्रोह के समय कोल आदिवासियों का नेतृत्व सँभाला था ?

(A) गोनू (B) बुधु भगत

(C) जोआ भगत (D) इनमें से कोई नहीं

Which tribal cultivator of Singhbhum took the leadership of Kol tribals during the revolt of 1857?

(A) Gonoo (B) Budhu Bhagat

(C) Joa Bhagat (D) None of these

76- 1859 में 'इन मेमोरियम' नामक चित्र किसने बनाया ?

(A) जोजेफ़ नोएल पेटन (B) टॉमस जोन्स बार्कर

(C) फ़ेलिस बिएतो (D) इनमें से कोई नहीं

Who painted the picture called 'In Memoriam' in 1859 ?

(A) Joseph Noel Paton (B) Thomas Jones Barker

(C) Felice Beato (D) None of these

77- भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली कब स्थानान्तरित हुई ?

(A) 1910 (B) 1911

(C) 1912 (D) 1913

When was the Capital of India shifted from Calcutta to Delhi ?

(A) 1910 (B) 1911

(C) 1912 (D) 1913

78- 'गेटवे' ऑफ इण्डिया' कहाँ स्थित हैं ?

(A) बम्बई (B) दिल्ली

(C) कलकत्ता (D) पटना

Where is the 'Gateway of India' located

(A) Bombay (B) Delhi

(C) Calcutta (D) Patna

79- कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना कब हुई ?

(A) 1771 (B) 1775

(C) 1781 (D) इनमें से कोई नहीं

When was the Supreme Court established in Calcutta ?

(A) 1771 (B) 1775

(C) 1781 (D) None of these

80- किस राजनेता ने गाँधी जी को एक वर्ष तक ब्रिटिश भारत की यात्रा करने की सलाह दी थी?

(A) बाल गंगाधर तिलक (B) गोपाल कृष्ण गोखले

(C) बिपिन चंद्र पाल (D) इनमें से कोई नहीं

Which politician advised Gandhiji to travel around British India for a year ?

(A) Bal Gangadhar Tilak
(B) Gopal Krishna Gokhale
(C) Bipin Chandra Pal
(D) None of these

81- गाँधी जी की भारत में पहली महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपस्थिति कहाँ हुई ?

(A) बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय
(B) पटना विश्वविद्यालय
(C) लखनऊ विश्वविद्यालय
(D) इनमें से कोई नहीं

Where did Gandhiji's first important public appearance in India take place ?

(A) Banaras Hindu University
(B) Patna University
(C) Lucknow University
(D) None of these

82- चंपारन आंदोलन कब हुआ?

(A) 1915
(B) 1916
(C) 1917
(D) 1918

When did the Champaran Movement take Place?

(A) 1915
(B) 1916
(C) 1917
(D) 1918

83- प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों ने भारत पर कौन सा प्रतिबंध लगाया था, जिसे सर सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता वाली समिति ने जारी रखा?

(A) प्रेस पर प्रतिबंध
(B) बिना जाँच के कारावास
(C) A और B दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

Which restriction was imposed by the British on India during the First World War, Which was continued by the Committee headed by Sydney Rowlatt?

(A) Censorship of the Press
(B) Detention without trial
(C) Both A and B
(D) None of these

84- 'हिन्द स्वाराज' किसने लिखा?

(A) गाँधी जी (B) तिलक

(C) फिरोज़शाह मेहता (D) सुभाष

Who wrote 'Hind Swaraj'?

(A) Gandhiji (B) Tilak

(C) Pherozeshah Mehta (D) Subhash

85- 1922 में महात्मा गाँधी के खिलाफ राजद्रोह के मामले की सुनवाई किस जज ने की थी?

(A) लूई फिशर (B) सी0 एन0ब्रूमफील्ड

(C) जॉन डूई (D) मर्टल विलियम्स

Which judge heard the Sediton case against Mahatma Gandhi in 1922?

(A) Louis Fischer (B) C.N. Broomfield

(C) John Dewey (D) Myrtle Williams

86- 1929 में कांग्रेस के लहौर अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

(A) गाँधी जी (B) जवाहर लाल नेहरू

(C) सरदार पटेल (D) सुभाष चन्द्र बोस

Who was the President of the Lahore session of the Congress in 1929?

(A) Gandhiji (B) Jawahar Lal Nehru

(C) Sardar Patel (D) Subhash Chandra Bose

87- दाण्डी किस राज्य में स्थित है?

(A) पंजाब (B) महाराष्ट्र

(C) गुजरात (D) राजस्थान

In Which state is Dandi Located?

(A) Punjab
(B) Maharashtra
(C) Gujarat
(D) Rajasthan

88- दूसरे गोलमेज सम्मेलन के समय भारत के वायसराय कौन थे?

(A) लार्ड विलिंगडन
(B) लार्ड इर्विन
(C) लार्ड चेम्सफोर्ड
(D) इनमें से कोई नहीं

Who was the Viceroy of India at the time of the Second Round Table Conference?

(A) Lord Willingdon
(B) Lord Irwin
(C) Lord Chelmsford
(D) None of these

89- ''व्हाट कांग्रेस एंड गाँधी हैव डन टू दि अनटचेबल्स'' किसने लिखा?

(A) गाँधी जी
(B) जवाहर लाल नेहरू
(C) बी0आर0 अम्बेडकर
(D) इनमें से कोई नहीं

Who wrote ‘What Congress and Gandhi Have done to The Untouchables”?

(A) Gandhiji
(B) Jawar Lal Nehru
(C) B.R. Ambedkar
(D) None of these

90- ''जब एक पूरा राष्ट्र उठ खड़ा होता है और आगे बढ़ने लगता है तो उसे नेता की जरूरत नहीं रह जाती। '' यह किसकी उक्ति है?

(A) सुभाष चन्द्र बोस
(B) गाँधी जी
(C) तिलक
(D) इनमें से कोई नहीं

“When a whole nation is roused and on the march no leader is necessary”. Whose quote is this?

(A) Subhash Chandra Bose
(B) Gandhi ji
(C) Tilak
(D) None of these

91- स्वराज पार्टी के संस्थापक कौन थे?

(A) मोतीलाल नेहरू (B) चितरंजन दास

(C) A और B दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Who was the founder of Swaraj Party?

(A) Motilal Nehru (B) Chittaranjan Das

(C) Both A and B (D) None of these

92- भगत सिंह को फांसी कब दी गई ?

(A) 1930 (B) 1931

(C) 1932 (D) 1933

When was Bhagat Singh hanged?

(A) 1930 (B) 1931

(C) 1932 (D) 1933

93- निम्नलिखित में से कौन कैबिनेट मिशन के सदस्य नहीं थे?

(A) क्रिप्स (B) लारेंस

(C) अलेक्जेण्डर (D) माउंटबेटन

Who among the following was not the member of the Cabinet Mission?

(A) Cripps (B) Lawrence

(C) Alexander (D) Mountbatten

94- स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री कौन थे?

(A) सी0 राजगोपालाचारी (B) जॉन मथाई

(C) लार्ड माउण्टबेटन (D) वल्लभभाई पटेल

Who was the first Home Minister of Independent India?

(A) C. Rajagopalachari (B) John Mathai

(C) Lord Mountbatten (D) Vallabhbhai Patel

95- संविधान के निर्माण में कितना समय लगा?

(A) 2 वर्ष 11 महीना 11 दिन (B) 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन

(C) 2 वर्ष 11 महीना 21 दिन (D) 2 वर्ष 11 महीना 28 दिन

How much time did it take to make the Constitution?

(A) 2 years 11 Months 11 Days (B) 2 Years 11 Months 18 Days

(C) 2 years 11 Months 21 Days (D) 2 Years 11 Months 28 Days

96- संविधान सभा की संचालन समिति के अध्यक्ष कौन थे?

(A) राजेन्द्र प्रसाद (B) बी0आर0 अम्बेडकर

(C) जवाहर लाल नेहरू (D) जे0बी0 कृपलानी

Who was the Chairman of the Steering Committee of the Constituent Assembly ?

(A) Rajendra Prasad (B) B.R. Ambedkar

(C) Jawahar Lal Nehru (D) J.B. Kriplani

97- गाँधी जी ने किस पत्रिका का संपादन किया?

(A) यंग इंडिया (B) नवजीवन

(C) हरिजन (D) इनमें से सभी

Which magazine was edited by Gandhiji?

(A) Young India (B) Navjivan

(C) Harijan (D) All of these

98- संविधान सभा का गठन कब किया गया?

(A) 1945 (B) 1946

(C) 1947 (D) 1948

When was the Constituent Assembly formed?

(A) 1945 (B) 1946

(C) 1947 (D) 1948

99- संविधान सभा की अंतिम बैठक कब हुई?

(A) 24 नवम्बर 1949 (B) 26 नवम्बर 1949

(C) 24 जनवरी 1950 (D) 26 जनवरी 1950

When did the last meeting of the Constituent Assembly take place?

(A) 24 November 1949 (B) 26 November 1949

(C) 24 January 1950 (D) 26 January 1950

100- एक शक्तिशाली और एकीकृत केन्द्र की वकालत करते हुए संविधान सभा में किसने कहा कि 1935 के गवर्नमेंट एक्ट में हमने जो केन्द्र बनाया था उससे भी ज्यादा शक्तिशाली केन्द्र चाहते हैं ?

(A) सर ए0 रामास्वामी मुदालियार (B) के0 सन्तनम

(C) बी0 आर0 अम्बेडकर (D) बालकृष्ण शर्मा

Advocating a strong and unified centre, who said in the Constituent Assembly that, we want a centre more powerful than the one created in the Government Act of 1935?

(A) Sir A. Ramaswamy Mudaliar (B) K. Santhanam

(C) B.R. Ambedkar (D) Balkrishna Sharma

## खण्ड – ब / SECTION-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। अधिकतम 50 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें। 15 x 2 = 30

Question Nos. 1 to 30 are Short Answer Type Questions. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Answer in not more than 50 words each. 15 x 2 = 30

1- सिन्धु घाटी सभ्यता के विस्तार का वर्णन करें ? 2

Describe the extent of Indus Valley Civilization.

2- सिन्धु घाटी सभ्यता की जल निकास प्रणाली का वर्णन करें। 2

Describe the drainage system of the Indus Valley Civilization.

3- किन्हीं दो लिपियों के नाम लिखें, जिसे अशोक ने अपने अभिलेखों में प्रयोग किया था । 2

Write the name of any two scripts which Ashoka used in his inscriptions.

4- कनिष्क के काल में प्रचालित कला की दो शैलियों का नाम लिखें। 2

Write the names of two styles of art prevalent during the period of Kanishka.

5- मगध महाजनपद के उत्थान के दो कारण लिखें। 2

Write two reasons for the rise of Magadha Mahajanapada.

6- महाभारत में वर्णित विवाह के किन्हीं चार प्रकार का नाम लिखें। 2

Write the name of any four types of marriages described in Mahabharata.

7- मातृसत्तात्मक परिवार की दो विशेषताएँ लिखें । 2

Write two characteristics of Matriarchal family.

8- बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्य क्या हैं ? 2

What are the four noble truths of Buddhism ?

9- शालभंजिका क्या हैं ? 2

What is Shalabhanjika ?

10-अल–बिरूनी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ? 2

When and where was Al-Biruni born?

11-बर्नियर के यात्रा–वृत्तान्त को यूरोप में महत्वपूर्ण क्यों माना गया ? दो कारण लिखें। 2

Why was Bernier's travelogue considerd important in Europe? Write two reasons.

12-निर्गुन भक्ति परम्परा क्या है ? 2

What is the Nirguna Bhakti tradition?

13-किन्हीं चार नयनार संतों के नाम लिखें ? 2

Write the names of any four Nayanar saints?

14-हम्पी की खोज कैसे हुई ? 2

How was Hampi discovered?

15-विजयनगर साम्राज्य के पतन के दो कारण लिखें। 2

Write two reasons for the fall of Vijayanagara Empire.

16-जमा और हासिल क्या था ? 2

What were Jama and Hasil ?

17-अबुल फज़्ल कौन था ? उसने कौन सी पुस्तक लिखी ? 2

Who was Abul Fazl? Which book did he write?

18-परौती और पोलज भूमि किसे कहते थे ? 2

What were called Parauti and Polaj Lands ?

19-संथाल विद्रोह कब और कहाँ हुआ ? 2

When and where did the Santhal rebellion take place?

20-स्थायी बन्दोबस्त से कंपनी को क्या लाभ हुआ ? 2

How did the Company benefit from the Permanent Settlement?

21-1857 के विद्रोह के दो धार्मिक कारण लिखें। 2

Write two religious causes of the revolt of 1857.

22-1857 के विद्रोह में वीर कुँवर सिंह की क्या भूमिका थी ? 2

What was the role of Veer Kunwar Singh in the revolt of 1857?

23-चॉल इमारतों की क्या विशेषता थी ? 2

What were the speciality of the Chawl buildings ?

24-जलियाँवाला बाग हत्याकांड क्या था ? यह कब हुआ ? 2

What was the Jallianwala Bagh massacre? when did this happen ?

25-जवाहरलाल नेहरू ने 'पूर्ण स्वराज' की घोषणा कब और कहाँ की ? 2

When and where did Jawaharlal Nehru declare Poorna Swaraj ?

26-नमक सत्याग्रह क्या था ? 2

What was the Salt Satyagraha ?

27-क्रिप्स मिशन भारत क्यों आया ? 2

Why did the Cripps Mission come to India ?

28-जयपाल सिंह ने संविधान सभा में आदिवासियों की सुरक्षा के लिए दलील क्यों दी ? दो कारण लिखें। 2

Why did Jaipal Singh argue for the protection of tribals in the Constituent Assembly? Writer two reasons.

29-संविधान सभा में डॉ0 बी0 आर0 अम्बेदकर ने शक्तिशाली केन्द्र के लिए बहस क्यों की ? 2

Why did Dr. B.R. Ambedkar argue for a strong centre in the Constituent Assembly ?

30-भारतीय संविधान में राज्य सूची क्या है ? 2

What is the State List in the Indian Constitution ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है। 100—120 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें। 4 x 5 = 20

Question Nos 31 to 38 are Long Answer Type Questions. Answer any four questions. Each question carries 5 marks. Answer in not more than 100-120 words each. 4 x 5 = 20

31-सिन्धु घाटी सभ्यता के धार्मिक जीवन का वर्णन करें।

Describe the religious life of the Indus Valley Civilization.

32-अशोक की उपलब्धियों का वर्णन करें।

Describe the achievements of Ashoka.

33-जैन धर्म और बौद्ध धर्म की समानताओं का वर्णन करें।

Describes the similarities between Jainism and Buddhism.

34-गुरू गोबिन्द सिंह की उपलब्धियों का वर्णन करें।

Describe the achievements of Guru Gobind Singh.

35-आइन–ए–अकबरी के गुणों और सीमाओं की जाँच करें।

Examine the merits and limitations of Ain-i- Akbari.

36-असहयोग आंदोलन की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

Describe the salient features of Non-Cooperation Movement.

37-क्रिप्स मिशन की असफलता के कारणों का वर्णन करें।

Describe the reasons for the failure of Cripps Mission.

38-वे कौन सी ऐतिहासिक ताकते थीं, जिन्होंनें संविधान का स्वरूप तय किया ?

What historical forces shaped the vision of the Constitution?